| |
|---|
| दिनांक 15.03.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 24/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया

मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 श्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व एवं **श्री प्रशान्त कुमार,** पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के दिशा निर्देशन में उत्तर प्रदेश में रंगों का त्यौहार होली बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया साथ ही होली त्यौहार के दिन शुक्रवार की नमाज भी थी, जिसे शान्तिपूर्ण वातावरण में सकुशल सम्पन्न कराया गया।

पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा आज दिनॉकः 15.03.2025 को कैम्प कार्यालय तिलक मार्ग लखनऊ में आयोजित होली मिलन समारोह में पुलिस मुख्यालय, लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट व अन्य इकाईयों में नियुक्त पुलिस अधिकारीगण एवं सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों के साथ फूलों की होली खेली गयी तथा उत्तर प्रदेश पुलिस के सभी पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को सपरिवार होली की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुये उनके अथक योगदान की सराहना की गयी।

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक विजलेन्स, पुलिस महानिदेशक पुलिस आवास निगम, पुलिस महानिदेशक सीबीसीआईडी, अपर पुलिस महानिदेशक कानून–व्यवस्था, अपर पुलिस महानिदेशक पीएसी, अपर पुलिस महानिदेशक अपराध, अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिदेशक के जी0एस0ओ0, अपर पुलिस महानिदेशक टेक्निकल, अपर पुलिस महानिदेशक एटीएस, विशेष सचिव गृह उ0प्र0शासन, पुलिस महानिरीक्षक कानून–व्यवस्था सहित अन्य सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।








Yoasang
Manipur
HAPPY HOLI






होली
की





| दिनांक 15.03.2025 |
|---|
| प्रेस विज्ञप्ति 25/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद सिद्धार्थनगर/थाना बांसी

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनॉकः 14.03.2025 को थाना बांसी व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से पुरस्कार घोषित अभियुक्त बब्लू उर्फ बिल्ला को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना बांसी पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना बांसी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–बब्लू उर्फ बिल्ला निवासी तुर्कौलिया तिवारी थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

## जनपद मुजफ्फरनगर/थाना खतौली

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनॉकः 14.03.2025 को थाना खतौली पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान फलावदा रोड पर बदमाश की घेराबन्दी की गयी तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त अरूण घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

इस सम्बन्ध में थाना खतौली पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अरूण निवासी जन्धेडी जाटान थाना खतौली जनपद मुजफ्रनगर।

**बरामदगी**

1–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

**जनपद मुजफ्फरनगर/थाना शाहपुर**

- **पुलिस कार्यवाही में 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी का 01 महेन्द्रा ट्रैक्टर**
- **03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 14.03.2025 को थाना शाहपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कसेरवा पुलिया पर चेकिंग के दौरान बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–अरविन्द घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2–विपिन 3–बाजू सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी का 01 महेन्द्रा ट्रैक्टर, 03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त अरविन्द के विरूद्ध जनपद मुजफ्फरनगर के विभिन्न थानों पर चोरी, डकैती, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 08 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना शाहपुर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अरविन्द निवासी हरसौली थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर।

2–विपिन निवासी हरसौली थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर।

3—बाजू निवासी हरसौली थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर।

**बरामदगी**

1—चोरी का 01 महेन्द्रा ट्रैक्टर।

2—03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद चन्दौली/थाना अलीनगर

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 65 लाख रूपये कीमत के 638 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब**
- **घटना में प्रयुक्त ट्रक बरामद**

दिनॉकः 14.03.2025 को थाना अलीनगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर एनएच—19 सिन्धीताली पुल से अभियुक्त सुखदेव सिंह को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 65 लाख रूपये कीमत के 638 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब, घटना में प्रयुक्त ट्रक बरामद हुआ।

इस सम्बन्ध में थाना अलीनगर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—सुखदेव सिंह निवासी चुरचक थाना क्लेयर कला जनपद गुरदासपुर , पंजाब।

**बरामदगी**

1—लगभग 65 लाख रूपये कीमत के 638 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब।

2—घटना में प्रयुक्त ट्रक।

| |
|---|
| दिनांक 15.03.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 26/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।


## पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में UP 112 द्वारा होली के दिन रिकॉर्ड इवेंट्स की संख्या रजिस्टर की गयी

मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 श्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व एवं श्री प्रशान्त कुमार, पुलिस महानिदेशक, उप्र0 के निर्देशन में यूपी–112 प्रणाली का तकनीकी उन्नयन, अन्य आपात सेवाओं से इण्टीग्रेशन, पीआरवी की संख्या में बढ़ोतरी, कॉलर की गोपनीयता में वृद्धि कर आपात स्थिति में पुलिस की मदद प्राप्त करने हेतु प्रचार–प्रसार माध्यमों से आमजन का आह्वाहन किया गया।

इस कार्यवाही के फलस्वरूप दिनांक 14 मार्च 2025 को होली के दिन, UP112 Emergency Service पर कुल 84,127 इवेंट्स दर्ज हुए एवं कुल 1,34,617 कॉल्स का उत्तर दिया गया। वर्ष 2024 में कुल 34,704 इवेंट्स ही दर्ज हुए थे, पिछले वर्ष की तुलना में इवेंट रजिस्ट्रेशन 142 प्रतिशत अधिक रहा है। UP 112 Emergency Service के तकनीकी उन्नयन एवं सभी कर्मचारियों के समर्पण भाव से यह असाधारण कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ व देश में आपात सहायता का एक अकल्पनीय प्रतिमान स्थापित हुआ है।

यह तथ्य इस बात का द्योतक है कि आमजन का पुलिस कार्यवाही पर भरोसा दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है।

आम दिनों की बात करें तो UP112 Emergency Helpline Services में प्रतिदिन औसतन 34,000 इवेंट्स दर्ज किए जाते हैं, जबकि होली के दिन यह संख्या बढ़कर 84,127 हो गई।


Year Wise Call Volume & Event Trend (Holi)
This year, we have successfully handled a volume of 1,34,617, reflecting a significant increase of approximately 67.19% compared to 2024.
Offered Call Volume Year Wise
160000
140000
120000
100000
80000
60000
40000
20000
0
106803
106485
71239
85724
73745
99257
85807
80516
134617
Y-2017 Y-2018 Y-2019 Y-2020 Y-2021 Y-2022 Y-2023 Y-2024 Y-2025
We have successfully handled 84,127 actionable calls in 2025, representing a substantial increase of around 142% compared to the previous year.
Event Volume Year Wise
90000
80000
70000
60000
50000
40000
30000
20000
10000
0
24513
32425
35205
44638
38705
39365
36914
34704
84127
Y-2017 Y-2018 Y-2019 Y-2020 Y-2021 Y-2022 Y-2023 Y-2024 Y-2025